Chapter- 6

# ‘ए‘ और ‘ऐ‘ की मात्रा

**STUDY NOTES**

- किसी भी मात्रा को समझने तथा पढ़ने के लिए जरूरी है मात्रा की बनाबट तथा उसकी ध्वनी का अच्छे से पहचान हो।
- हम ‘ए’ तथा ऐ मात्रा के प्रयोग, उसके उच्चारण, लेखन तथा पठन कौशल का ज्ञान प्राप्त करेंगे।
- ए की मात्रा की पहचान तथा उच्चारण ज्ञान – मात्रा चिन्ह व्यंजन के शिरोरेखा के ऊपर सिर्फ एक आड़ी रेखा जैसी होती है –
  - ‘ए’ ( े ) मात्रा जब व्यंजन के साथ लगाई जाती है तब मात्रा का उच्चारण धिमे स्वर में तथा कम समय के लिए किया जाता है।
  - अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण तथा लेखन अभ्यास करें।

  (के, खे, गे, घे, .......... हे)
- ए ( े ) मात्रा संबधित शब्द

  र + े + ल - रेल

  प + े + ड़ - पेड़

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तेल | खेला | ठठेरा | पहेली | चेतावनी |
| जेल | रेखा | सवेरा | सहेली | मेहनत |
| सेब | केला | सपेरा | चमेली | शेरवानी |

**वाक्य**

सुरेश खेत पर गया।

वह ढेर सारे बेर लाया। मेरी सहेली रेल से गई। सलमा महेश के साथ खेलने गई।

- ऐ ( ै ) की मात्रा की पहचान तथा उच्चारण ज्ञान

  ऐ की मात्रा में शिरोरेखा के ऊपर दो आड़ी रेखा हो जाती है ( ै )

ऐ ( ै ) की मात्रा जब व्यंजन के साथ लगाई जाती है। तब मात्रा का उच्चारण तेज़ तथा लम्बे समय के लिए किया जाता है।

अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण तथा लेखन अभ्यास करें।

(कै, खै, गै, घै ...... है।)

- ऐ ( ै मात्रा संबधित शब्द )

| | | |
|---|---|---|
| कैसा | पैदा | कैलाश |
| सैर | मैदा | सैनिक |
| पैर | बैल | बैठक |
| थैला | भैया | दैनिक |

- वाक्य –

मैना पेड़ पर बैठी है। पैसे से फल खरीदे।

भैया थैला रख गया। शैलजा हैरान है।

- दोनों मात्राओं (ए, ऐ) के शब्दों के उच्चारण में अंतर जानने तथा समझने के लिए शब्दों को अधिक से अधिक उच्चारण द्वारा पठन अभ्यास करें।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

## अभ्यास कार्य

**१. दिए गए शब्दों में सही जगह पर ए ( े ) और ऐ ( ै ) की मात्रा लगाइए -**

खल, पड़, पसा, सहली, मदान, थला

उ – खेल, पेड़, पैसा, सहेली, मैदान, थैला

**२. चित्र देखकर वाक्य पूरे किजिए।**

क)  ____________ पर चढ़।

ख)  ____________ गा रही थी।

ग) यह कैलाश का  ____________ है।

घ)  ____________ से फल निकाल।

ङ) सुरेश  ____________ खा।

च)  ____________ देश की रक्षा करता है।

उ – रेलगाड़ी, मैना, पैर, थैला, केला, सैनिक

**३. सही शब्द के सामने ( ✓ ) और गलत शब्द के सामने ( X ) का चिन्ह लगाइए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कैला | X | खेत | ✓ | शैरवानी | X |
| बैठक | ✓ | बैलागाड़ी | X | मैदान | ✓ |
| तैर | ✓ | दैनीक | X | | |

## अतिरिक्त प्रश्न :

१. प्रश्न के उत्तर दें :

क) कौन खेत पर गया ?

ख) सलमा किसके साथ खेलने गई ?

ग) सलमा, महेश और सुरेश कहाँ घुमने गए ?

घ) मैना कहाँ बैठी है ?

ङ) मैदान पर कौन खड़ा है ?

उत्तर -

क) सुरेश खेत पर गया।

ख) सलमा महेश के साथ खेलने गई।

ग) सलमा, महेश और सुरेश मेला घुमने गए।

घ) मैना पेड़ पर बैठी है।

ङ) मैदान पर सैनिक खड़ा है।

**२. समानलय वाले शब्द लिखें।**

क) मैला – ____________

ख) पैर – ____________

ग) दैनिक – ____________

घ) रेल – ____________

ङ) सहली – ____________

उत्तर – (क) थैला (ख) सैर (ग) सैनिक (घ) खेल (भ) पहेली

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow